an>

Title: Regarding sale of Railway Tickets in Black.

श्री पी.पी.चौधरी **(पाली) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे रेल यात्रियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए अवसर प्रदान किया।

हमारे देश में यात्रा का प्रमुख साधन रेलवे है। छुट्टियों में यात्रियों की संख्या अधिक होने से रेल टिकट कन्फर्म नहीं हो पाता। ऐसे में एजेंट आदि सक्रिय हो जाते हैं। जब दो माह पहले टिकट मिलने लगता है, तभी ये लोग टिकटों की खरीद-फरोख्त आरम्भ कर देते हैं। कन्फर्म तत्काल टिकट के लिए यात्रियों से दोगुना तक राशि वसूल की जाती है। तत्काल टिकट बुक करने के लिए कई एजेंट्स ने खुद के सॉफ्टवेयर डिजाइन कर रखे हैं, जिसमें पैसेंजर डिटेल्स एक दिन पहले ही भरी जा चुकी होती हैं। टिकट मिलना प्रारम्भ होने पर वे इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से टिकट बुक कर लेते हैं, जिससे आम आदमियों को टिकट नहीं मिल पाता।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से इन महत्वपूर्ण बातों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग करता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Gajendra Singh Shekhawat is allowed to associate with Shri P.P. Chaudhary on this issue.